प्रेषक,

अबुल कैश
अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश,
हाथरस।

सेवा में,

श्रीमान महानिबंधक
माननीय उच्च न्यायालय, इलाहाबाद।

द्वारा,

श्रीमान जनपद न्यायाधीश,
हाथरस।

<u>विषयः–</u> <u>माननीय उच्च न्यायालय की वेबसाइट पर प्रार्थी का पता परिवर्तित किये जाने के संबंध में।</u>

महोदय,

सादर अवगत कराना है कि उ0प्र0 न्यायिक सेवा की परीक्षा हेतु आवेदन करते समय मैं चौधरी चरण सिंह विश्वविद्याल मेरठ में कार्यरत था, इसलिए मैंने अपना पत्र व्यवहार का पता सी 19 चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय मेरठ दर्शाया था। मैं उक्त पते पर निवास नहीं कर रहा हूं। माननीय उच्च न्यायालय की वेबसाइट पर मेरा उपरोक्त पता ही अंकित है। मेरा स्थाई पता ग्राम व पोस्ट राजाबाजार, तहसील बदलापुर, जिला जौनपुर है। स्थानान्तरण के फलस्वरूप पत्र व्यवहार का पता बदलता रहता है। अतः माननीय महोदय से अनुरोध है कि मेरा स्थाई पता ग्राम व पोस्ट राजाबाजार, तहसील बदलापुर, जिला जौनपुर को ही माननीय उच्च न्यायालय की वेबसाइट पर अंकित करने हेतु संबंधित को निर्देशित करने की कृपा करें।

सादर।

भवदीय

दिनांक– 21.08.2020

(अबुल कैश)
अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश,
हाथरस।